अनदेखी | पेचवर्क की मांग, संबंधित विभाग बेफिक्र, ठेकेदार की अनदेखी का दंश झेल रहे ग्रामीण, पुलिया भी क्षतिग्रस्त

# बदहाल सड़क पर चलना दूभर, मुस्कुरा-मुस्कुरी मार्ग की हालत खराब



**नवभारत, सिहोरा।** .सिहोरा तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घुघरी नवीन के पोषित तीन गांव को जोडने वाली सडक मौजूदा समय मे दुर्दशा के आंसू बहा रही है ग्राम मुस्कुरा मुस्कुरी नेगई की सड़क जो एन.एच.30 बघेला नाला के पहले लगभग सन 2019 में बनकर तैयार हुई थी सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हुआ था अब वर्तमान स्थिति मे यह सडक जगह-जगह खराब हो चुकी है गांव के लोगो का कहना है की सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं सड़क अनेक स्थानों मे क्रेक हो गई है पटरी झाड़ियां में गुम हो गई है सडक मे जगह-जगह गड्ढे हो गये है जो दुर्घटना को खुला आमंत्रण दे रहे हैं।

जिससे लगभग तीन गांव के ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी होती है आपको बता दें की इस सड़क का निर्माण होने से इन तीन गांव के वांसिदों को आवागमन में काफी सुविधा होने लगी थी सड़क बनने के बाद से यहां के ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय जिला मुख्यालय व नजदीकी कस्बा गोसलपुर आने जाने में सहूलियत होने लगी थी परंतु सबंधित ठेकेदार की देखरेख के अभाव सडक जल्द खराब हो गई ग्राम के जागरूक लोगो ने सडक की गारंटी पीरियड मे ठेकेदार द्वारा समय-समय पर सड़क की मरम्मत की मांग की जाती रही परंतु मांग को नजर अंदाज किया गया विभाग के मुताबिक तय किए हुये नियम निर्देश के तहत मेंटेनेंस न करने के कारण यह सडक गड्ढों मे तब्दील हो गई।

### अब लोगों ने सड़क की मरम्मत की मांग की

राघवेंद्र पालीवाल सोहन श्रीवास, सुभाष पटेल बेडीलाल दाहिया संतोष तिवारी राम दुबे बसंत पटेल दीपक पटेल रुपलाल बर्मन ने बताया की यह तीन किलोमीटर की सडक से तीन गांव के लोगो के साथ स्कूली बच्चे आना जाना करते है जिससे परेशानी बढ गई है> स्थानीय नेता सोहन श्रीवास का कहना है की सड़क निर्माण के बाद निर्माण अधीन एजेंसी की पांच साल की सड़क मेंटेनेंस की गारंटी पीरियड होती है परंतु संबंध ठेकेदार द्वारा गारंटी पीरियड में इस सड़क के लिए कुछ नहीं किया गया जिससे यह सड़क बहुत जल्दी खराब हो गई। ग्रामीणों ने बताया की एन.एच. 30 से मुस्कुरा मसकुरी रोड पर आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित पुलिया का कुछ हिस्सा टूटने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है आधी सड़क धस चुकी है जहां पर आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है फिर भी रात के घुप्प अंधेरे में चार पहिया दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं । लोगों ने इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों व जिला प्रशासन से ध्यान देने की मांग की

# कटंगी में श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का समापन

**कटंगी, नवभारत।** कटंगी के नगर परिषद परिसर में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा 24 घंटे का जिला स्तरीय श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य समापन किया गया। इस दिव्य अनुष्ठान में 2500 से 3000 लोगों ने सम्मलित होकर मां की कृपा का लाभ लिया।

समापन की बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष पूजा शुक्ला और भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी का आगमन हुआ। पूज्यनीय दीदी ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान में अगर हमे माता आदिशक्ति जगत जननी जगदंबे मां की कृपा को यदि पाना है तो सबसे पहले नशामुक्त मांसाहार मुक्त होना पड़ेगा, तभी मनुष्य का संपूर्ण विकास होगा। वहीं अजय अवस्थी जी ने कहा कि हमें अपने कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है उसे दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती , और उन्होंने कहा कि कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने ताकतवर है ,फर्क पड़ता है कि आप किसके साथ खड़े है क्योंकि द्रोणाचार्य भी सभी अस्त्र शस्त्र से परिपूर्ण थे कोई उन्हें हरा नहीं सकता था लेकिन उनका अंत हुआ क्योंकि वह अधर्म के साथ खड़े थे इसलिए सदैव सत्य के साथ खड़े होने का प्रयास करें। समापन की बेला में संगठन के जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी ने सभी आभार व्यक्त किया ।

# पेंशनर समाज की तीर्थयात्रा को लेकर हुई बैठक

**नवभारत,पनागर।** मध्य प्रदेश पेंशनर समाज ब्लॉक शाखा पनागर की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी तीर्थयात्रा को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि पेंशनर समाज के सदस्य अपने प्रशासनिक दायित्वों से मुक्त होकर निरंतर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। इसी भावना के साथ पेंशनर समाज द्वारा सामूहिक तीर्थयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 20 मार्च को पनागर से निजी बस द्वारा यात्रा का प्रस्थान होगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु माँ विंध्यवासिनी के दर्शन करेंगे तथा इसके बाद अयोध्या धाम, वाराणसी और प्रयागराज की यात्रा करेंगे। तीन दिवसीय इस धार्मिक यात्रा के बाद 22 मार्च को वापस पनागर लौटेंगे। बैठक में पेंशनर समाज ब्लाक शाखा पनागर के अध्यक्ष वी.पी. मिश्रा ने यात्रा में शामिल होने वाले सभी सदस्यों के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य इस पुण्यदायी यात्रा में सहभागी बनकर समाज के कल्याण एवं सुख-समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करेंगे। बैठक में डॉ. धर्मेश मिश्रा, नारायण व्यास, नारायण तिवारी, सोनी जी,माधव शुक्ला,सुदामा पांडे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## रमेश बिरहा पुन: सहसचिव बने

नवभारत, सिहोरा। जबलपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलॉइज यूनियन का 59वां वार्षिक महाअधिवेशन विगत दिवस रविवार को आयोजित किया गया। अधिवेशन में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इस दौरान सिहोरा के रमेश बिरहा को यूनियन का पुन: सहसचिव चुना गया। उनके सहसचिव बनने पर सिहोरा के साथियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर है। सहयोगियों ने उन्हें बधाई देते हुए आशा जताई कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। रमेश बिरहा के चयन पर यूनियन सदस्यों एवं परिचितों ने उन्हें शुभकामनाएं देकर हर्ष व्यक्त किया।

# झगरा में मोटर केबिल चोर सक्रिय, किसान परेशान

**नवभारत,बेलखाडू।** रिंग रोड के बाजू से लगे खेतों में ट्यूब बेल पंप से सिंचाई कार्य हेतु किसानों द्वारा लगाई गई कीमती विद्युत सप्लाई केबिल चोरी जाने से ग्राम झगरा के किसान परेशान हैं। भर्रा के वरिष्ठ किसान जुगल किशोर पटेल, भारत पटेल ने बताया कि उनके खेत में सिंचाई कार्य के लिए मोटर पंप में इस्तेमाल होने वाली विद्युत केबिल पंद्रह फीट एवं बीस फीट को अज्ञात चोरों ने काटकर चोरी कर लिया है। पूर्व में भी उनकी और गांव के अन्य किसानों की पूर्व में भी मंहगी विद्युत केबिल चोरी हो चुकी हैं। किसानों ने बताया कि कटंगी थाना अंतर्गत बेलखाडू पुलिस चौकी में केबिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया है। लेकिन उसके बावजूद चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

# राष्ट्रीय मीन्स-कम-मैरिट परीक्षा में चयनित छात्रा वंशिका का सम्मान

**नवभारत, पनागर।** एकीकृत शासकीय उ.मा.वि. पिपरिया उमरिया की छात्रा वंशिका वंशकार ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 8वीं की छात्रा वंशिका वंशकार, पिता श्री धनराज वंशकार का चयन राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट परीक्षा 2025-26 में हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्य यू.एस. दुबे ने छात्रा को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने

वंशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से छात्र बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी और आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं।

# जनपद शिक्षा केन्द्र पनागर में पौधरोपण

▸ परिसर को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प

**पनागर, नवभारत।** जनपद शिक्षा केन्द्र पनागर में परिसर को हरा-भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और सभी ने उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में सहायक संचालक सोनम कटारे, बीआरसी हरमेश सेन, बीएससी विनोद पटेल, जनशिक्षक लक्ष्मण दास तिवारी,

राजभान, पंकज मणि झारिया, इन्द्र सिंह राजपूत, प्रदीप एवं आशीष सहित अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कनेर, मोगरा, टिकोमा और मधुकामनी सहित कुल 11 पौधे लगाए गए। विशेष बात यह रही कि सभी पौधे सूरतलाई के शिक्षक इन्द्र सिंह राजपूत द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराए गए। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की देखरेख करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

## व्यावसायिक ठेलों पर घरेलू गैस का अवैध उपयोग, दो पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** मझौली पुलिस ने इंद्राना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए व्यावसायिक ठेलों पर घरेलू गैस का अवैध उपयोग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से गैस सिलेंडर और उपकरण जब्त किए हैं। जानकारी अनुसार बस स्टैंड कापा इंद्राना में चाट-फुल्की का ठेला लगाए रविन्द्र ठाकुर (38) निवासी बड़ा दिवाला इंद्राना का अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करता मिला। पुलिस ने मौके से एक इंडेन कंपनी का घरेलू सिलेंडर और नोजल लगी गैस भट्टी जब्त की।

## सिहोरा नपा का 86 .54 करोड़ का बजट आज होगा पेश

**नवभारत, सिहोरा।** नगर पालिका परिषद सिहोरा में आज बुधवार को परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का आय-व्यय पत्रक (बजट) प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार नगर पालिका का बजट कुल 86 करोड़ 54 लाख 8 हजार 500 रुपये का प्रस्तावित है। प्रस्तावित बजट में नगर निकाय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के वेतन भुगतान के साथ-साथ नगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा विद्युत बिल, रखरखाव तथा अन्य आकस्मिक व्ययों

को भी बजट में शामिल किया गया है। नगर विकास को गति देने के उद्देश्य से सड़क, नाली, सफाई एवं आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। वहीं, वित्तीय अनुशासन को ध्यान में रखते हुए समस्त करों की वसूली से प्राप्त राशि में से 5 प्रतिशत को संचित निधि में जमा करने का प्रावधान भी बजट में रखा गया है।

# रफ़्तार का कहर : बेकाबू बोलेरो की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा, 3 महिलाएं घायल

▸ ओवरटेक करने की कोशिश में हुआ हादसा

**नवभारत,जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत मानेगांव ब्रिज के पास ओवरटेक करने की कोशिश में बेकाबू बोलेरो की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया और रिक्शे में सवार तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गोदाना रीठी, जिला कटनी निवासी विनय कुमार ढीमर अपनी बहन रजनी बाई, सकुन बाई चौधरी और मिथला यादव के साथ मजदूरी के लिए ई-रिक्शा से बरगी नगर जा रहा था ।विनय अपनी मोटरसाइकिल से रिक्शा के पीछे ही चल रहा था। सुबह करीब 11 बजे जब वे मानेगांव ब्रिज के पास पहुंचे, तभी गौर बरेला की ओर से आ रही एक सफेद रंग की बोलेरो नंबर एमपी 20 टी ए 0524 के चालक ने लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल को ओवरटेक किया और सीधे ई-रिक्शा में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क पर ही पलट गया। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में रजनी बाई के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, सकुन बाई और मिथला यादव की कमर और हाथों में फैक्चर की आशंका जताई जा रही है। ई-रिक्शा चालक जितेंद्र चौधरी को भी मामूली चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद विनय ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचित किया। घायलों को तत्काल मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया।

## बदमाश कट्टा के साथ पकड़ाया

**जबलपुर।** बेलखेड़ा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। टीआई लवकुश उपाध्याय ने बताया कि गुबरा रोड बेयर हाउस के पास घटना करने की नियत से घूम रहे अजय चौधरी 25 वर्ष निवासी बेलखेड़ा रेतटीला को पकड़ा। तलाशी लेने पर कमर में सामने तरफएक देशी कट्टा खोसे मिला, आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा जप्त करते हुए पूछताछ की जा रही है।

# संविदा या गेस्ट फैकल्टी पर लंबे समय कार्य करने से स्थायी दर्जा का अधिकार नहीं बनता

▸ हाईकोर्ट ने प्रदेश भर के करीब तीन सैकड़ा आवेदकों की याचिका खारिज करते हुए कहा

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने गेस्ट फैकल्टी के नियमितीकरण को लेकर दायर एक बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थायी नियुक्ति केवल नियमों और वैधानिक प्रक्रिया के तहत ही संभव है। लंबे समय तक संविदा या गेस्ट फैकल्टी के रूप में काम करने से स्वत: नियमितीकरण या स्थाई दर्जा पाने का अधिकार नहीं बनता है। उक्त मत के साथ जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने प्रदेश भर के 291 गेस्ट फैकल्टीज (सहायक प्राध्यापकों, स्पोर्ट्स ऑफिसर्स और लाइब्रेरियन) की याचिकाएं खारिज कर दीं।

दरअसल पन्ना निवासी कमल प्रताप सिंह व 290 अन्य की ओर से याचिका दायर कर मांग की गई थी कि उन्हें उनकी प्रारंभिक नियुक्ति तिथि से स्थायी किया जाए। सभी सेवा लाभ दिए जाएं। साथ ही यह मांग भी की गई थी कि राज्य सरकार द्वारा जारी नई भर्ती विज्ञापन को निरस्त किया जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि वे पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय कॉलेजों में कार्यरत हैं। वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सभी आवश्यक मानकों को पूरा करते हैं और नियमित शिक्षकों की तरह ही पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन और प्रशासनिक कार्य करते हैं। इसके बावजूद उन्हें प्रतिमाह एक निश्चित मानदेय दिया जा रहा है। हर साल 89 दिन का अनुबंध बनाकर सेवा समाप्त कर दी जाती है और फिर नई चयन प्रक्रिया के माध्यम से दोबारा नियुक्ति की जाती है। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि सरकार पहले ही गेस्ट फैकल्टीज को कई महत्वपूर्ण राहत और अवसर दे चुकी है, लेकिन नियमों के विरुद्ध किसी भी प्रकार का नियमितीकरण न तो संभव है और न ही संवैधानिक। उन्होंने कहा कि गेस्ट फैकल्टी को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी गई है, ताकि वे नियमित भर्ती प्रक्रिया में आसानी से भाग ले सकें। इसके अलावा, उनके अनुभव को मान्यता देते हुए प्रति वर्ष 4 अंक का अतिरिक्त वेटेज दिया जाता है, जो अधिकतम 20 अंकों तक सीमित है।

मूल्यांकन | उचित मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण हासिल किया लक्ष्य

# शिक्षकों के प्रयास से पांचवीं-आठवीं का मूल्यांकन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

**नवभारत, सिहोरा।** विकासखंड सिहोरा के शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा और अथक परिश्रम के फलस्वरूप शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में संचालित पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। उचित मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण इस केंद्र ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

### वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन और प्रबंधन

प्रभारी प्राचार्य विनोद पटेल एवं सहायक मूल्यांकन अधिकारी अशोक तिवारी ने बताया कि यह संपूर्ण प्रक्रिया मूल्यांकन



अधिकारी एवं प्राचार्य बी.एस. परस्ते की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे एवं बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव का सतत मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा। केंद्र पर मूल्यांकन संबंधी समस्त शासकीय नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिरहित रही।

### 173 शिक्षकों का सराहनीय योगदान

मूल्यांकन कार्य की विशालता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें विकासखंड की विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के कुल 173 शिक्षकों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें कक्षा आठवीं के लिए 80 एवं कक्षा पांचवीं के लिए 93 मूल्यांकनकर्ताओं को नियुक्त किया गया था। इन सभी शिक्षकों ने पूरे मनोयोग और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

### समापन पर आभार व्यक्त

कार्य की पूर्णाहुति पर मूल्यांकन अधिकारी बी.एस. परस्ते ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय परीक्षाओं के संचालन और अन्य शैक्षणिक व्यस्तताओं के बीच, इस गर्मी और कठिन समय में शिक्षकों ने जिस लगन से मूल्यांकन कार्य को समय पर पूरा किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय टीम भावना और शिक्षकों के समर्पण को दिया।

### 38 हजार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच

इस मूल्यांकन केंद्र पर लगभग 38 हजार उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा गया था। सहायक मूल्यांकन अधिकारी अशोक तिवारी (कक्षा 5वीं व 8वीं), रामशरण बागरी, कंट्रोल रूम प्रभारी आर.के. नेमा और जन शिक्षक संजीव गुप्ता की सक्रियता से डेटा फीडिंग और संधारण का कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहा। शिक्षकों की टीम ने सीमित समय में इतनी बड़ी संख्या में कॉपियों को जांचकर अपनी दक्षता का परिचय दिया।

# रेल प्रशासन ने रनिंग स्टाफ की मांगें मानी

**नवभारत,जबलपुर, ।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के बैनर तले रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर स्थित क्रू लॉबी में रनिंग स्टाफ द्वारा अपनी लंबित विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को किये गये प्रदर्शन, गेट मीटिंग के बाद मंगलवार 17 मार्च के रेल प्रशासन ने यूनियन महामंत्री का. मुकेश गालव, मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला व मंडल सचिव रोमेश मिश्रा के साथ हुई सकारात्मक बैठक में अनेक मांगों को मान लिया गया है. जिसके बाद रनिंग स्टाफ में जबर्दस्त खुशी की लहर दौड़ गई है। इस संबंध में यूनियन के मंडल सचिव रोमेश मिश्रा ने बताया कि रनिंग स्टाफ की जबर्दस्त सफल गेट मीटिंग के पश्चात मंगलवार को महामंत्री का. मुकेश गालव, बीएन शुक्ला के साथ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सीडीईई) से रनिंग स्टाफ़ की मांगों के संबंध में भेंट कर विस्तार से चर्चा की गई। जिसके पश्चात

सीडीईई ने अनेक मांगों पर अपनी सहमति व्यक्त की है।

### ये मांगें मानी गई

पानी की बोतल सबको बुधवार यानि 18 मार्च से मिलना शुरू हो जायेगी। लोको पायलेट गुड्स (एलपीजी) की लिस्ट 1 हफ्ते में आ जायेगी। नाईट ड्यूटी जो 22 बजे से मानी नहीं जाती, उसकी जानकारी सीनियर डीईई को नहीं थी, उस संबंध में जल्दी ही आदेश जारी हो जाएंगे। हैंडलिंग में बहुत जल्दी सुधार किया जायेगा। जिन सा लो पा को किसी गलती के कारण मालगाड़ी में बुक किया जा रहा है उन पर पुन: विचार किया जायेगा। जून तक 200 लोगों को लोको पायलेट गुड्स बना दिया जायेगा। जल्दी स्वयं के अनुरोध वालों को स्थानांतरण कर जबलपुर लाया जायेगाष जिन लोगों से स्वयं का अनुरोध लेने के बाद लो पा गुड्स में पोस्टिंग दी गई गई थी और उन सब लोगों को स्थानांतरण भत्ता प्रदान नहीं करने की बात कही गई थी, उन्हें पूरा स्थानांतरण भत्ता प्रदान किया जायेगा।